

बीसी प्रोविंशियल नॉमिनी प्रोग्राम उद्यमिता आप्रवासन

बीसी प्रोविंशियल नोमिनी प्रोग्राम (BC PNP) की उद्यमी आप्रवासन शाखा का लक्ष्य वे अनुभवी उद्यमी हैं जो नवप्रयोग और आर्थिक वृद्धि में सहायक होते हैं। सफल आवेदक नए अथवा मौजूदा बीसी बिजनेस में निवेश करते हैं और उसे प्रबंधित करते हैं तथा ब्रिटिश कोलंबियावासियों के लिए नौकरियां सृजित करते हैं।

कार्यक्रम की अपेक्षाएं*

आपके लिए जरूरी है कि:

- आप 600,000 कैनेडियन डॉलर की न्यूनतम निवल संपत्ति (नेट वर्थ) सीमा को पूरा करें
- यदि आपको आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया जाता है, तो आप व्यक्तिगत
- निवल संपत्ति की समीक्षा शामिल करें जो किसी योग्यताप्राप्त लेखांकन फर्म द्वारा पूरी की गई हो
- आप किसी ऐसे बिजनेस प्लैन का प्रस्ताव करें जिसमें वाणिज्यिक तौर पर निरंतरता की संभावना हो
- आप अपने बिजनेस प्लैन के भाग के तौर पर, पात्र व्ययों में कम से कम 200,000 कैनेडियन डॉलर का व्यक्तिगत निवेश करने का प्रस्ताव करें और प्रस्तावित बीसी बिजनेस में कम से कम एक नई नौकरी का सृजन करें
    - यदि आप अपने आवेदन के भाग के तौर पर किसी मुख्य स्टाफ (की स्टाफ) का प्रस्ताव कर रहे हैं, तो निवेश की अपेक्षा बढ़कर 400,000 कैनेडियन डॉलर तथा नौकरी सृजन की अपेक्षा बढ़कर तीन हो जाएगीe
- आप यह साबित करें कि बीसी स्थित बिजनेस के दिन-प्रतिदिन के कार्यों में आपकी सक्रिय प्रबंधन भूमिका रहेगी।

न्यूनतम अपेक्षाओं को पूरा करने से यह गारंटी नहीं मिलती है कि आवेदन करने का निमंत्रण मिलेगा अथवा कोई आवेदन अनुमोदित हो ही जाएगा।

सफल उम्मीदवार की प्रोफाइल

- सफल और अनुभवी: आपको बीसी में प्रस्तावित अपने बिजनेस की अच्छी जानकारी है और उसमें आपकी मजबूत पृष्ठभूमि है
- निवेश हेतु तैयार: आपके पास हस्तांतरणीय कौशल, अनुभव और निवेश फंड हैं और आप अपने बिजनेस प्रस्ताव को कार्यान्वित करने के लिए तैयार हैं
- पूरी तैयारी: आप जानते हैं कि कैसे अपने प्रस्तावित बिजनेस को लाभदायक बना सकते हैं, और साथ ही उसके जोखिमों, स्थानीय बिजनेस दशाओं एवं उसके लिए जरूरी संसाधनों की भी समझ रखते हैं
- अपने बिजनेस उद्यम में विश्वास: आप जानते हैं कि कौन से कार्यों को अंजाम देने की आवश्यकता है और उनके बारे में स्पष्टता के साथ समझा सकते हैं
- अनुकूलनशील: आप वह यथोचित परिश्रम साबित कर सकते हैं जो आपने स्थानीय बिजनेस माहौल को भली-भांति समझने के लिए आरंभ किया है।

"जब हम पहली बार रॉसलैंड में आए थे, तो यहां के समुदाय को देखकर विस्मित रह गए थे। और अब जब पीछे देखते हैं, और महसूस करते हैं कि हम भी इसी समुदाय का हिस्सा हैं, इसे और भी बेहतर बनाने के लिए... तो अच्छा लगता है, क्योंकि रॉसलैंड ने हमें बहुत कुछ दिया है।"

- एलेक्स लोएब, जॉयराइड बाइक पार्क्स इंक.
बीसी प्रोविंशियल नॉमिनी

"हमारे पास पूरे कैनेडा में 300 से अधिक डिस्ट्रिब्यूटर हैं और हमने अभी-अभी यूनाइटेड स्टेट्स में भी शुरू किया है... मुझे यहां बीसी में लगता है कि यह बिजनेस शुरू करने के लिए बहुत ही उपयुक्त जगह है।"

- नेथन यांग, कुज्को लाइटिंग इंक.
बीसी प्रोविंशियल नॉमिनी

* इस कार्यक्रम की अपेक्षाओं और आवेदन की प्रक्रिया पर पूरी जानकारी के लिए, कृपया उद्यमी आप्रवासन कार्यक्रम संदर्शिका (Entrepreneur Immigration Program Guide) को देखें, जो यहां मिलेगी: www.WelcomeBC.ca/PNP

बीसी पीएनपी उद्यमी आप्रवासन प्रक्रिया

पंजीकरण	आमंत्रण	आवेदन	वर्क परमिट	स्थाई निवास
व्यक्ति विशेष अपनी ऑनलाइन प्रोफाइल बनाता है और पंजीकरण जमा कराता है 300 डॉलर प्रसंस्करण शुल्क पंजीकरण को स्कोर दिया जाता है पंजीकरण छह माह के लिए वैध होते हैं सबसे अधिक स्कोर वाले पंजीकरण कराने वालों को आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है	नॉमिनेशन आवंटन और प्रसंस्करण क्षमता के आधार पर ड्रॉ होते हैं आवेदकों के पास ऑनलाइन आवेदन करने के लिए चार माह का समय होता है	किसी योग्यताप्राप्त सप्लायर द्वारा किया गया निवल संपत्ति का सत्यापन शामिल करना जरूरी है 3,500 डॉलर प्रसंस्करण शुल्क (+1,000 डॉलर मुख्य स्टाफ के लिए) कार्यक्रम मानदंडों के अनुसार आवेदन का मूल्यांकन किया जाता है आवेदकों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जा सकता है अनुमानित प्रसंस्करण समय: 3-4 माह	अनुमोदित आवेदक एक कार्यनिष्पादन समझौते पर हस्ताक्षर करते हैं और उन्हें एक वर्क परमिट पत्र दिया जाता है शर्तें पूरी करने की समय-सीमा: 18-20 माह साइट के दौरे सहित अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करना और उसका मूल्यांकन	प्रोविंशियल नॉमिनी और पात्र आश्रित, स्थाई निवास के लिए इमिग्रेशन, रेफ्युजीज़ एंड सिटिजन्शिप कैनेडा (आईआरसीसी) को आवेदन देते हैं बिजनेस को चलाते रहना और बीसी में निवास करना जरूरी है यदि अनुमोदित कर दिया जाता है, तो आईआरसीसी द्वारा स्थाई निवास वीजा जारी किए जाते हैं प्रसंस्करण समय में अंतर होता है; ब्यौरे के लिए आईआरसीसी की वेबसाइट देखें

प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण

आपको बीसी पीएनपी को एक पंजीकरण, अथवा पूर्व-आवेदन प्रस्तुत करना होगा। पंजीकरणों को मानव पूंजी, तथा साथ ही बिजनेस और आर्थिक कारकों के आधार पर स्कोर दिया जाता है। पंजीयकरण कराने वालों (रजिस्ट्रैन्ट) को छह सप्ताह के भीतर उनके स्कोर की सूचना दे दी जाती है। आवधिक रूप से, कार्यक्रम की क्षमता के आधार पर, सबसे अधिक स्कोर प्राप्त करने वाले पंजीयकों को अपना आवेदन प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

कार्यक्रम के मानदंडों के आधार पर आवेदनों का मूल्यांकन किया जाता है, और यदि अनुमोदित कर दिया जाता है, तो आपको प्रविंस के साथ एक कार्यनिष्पादन समझौते पर हस्ताक्षर करने होंगे। यह जरूरी है कि आप अपने बीसी बिजनेस के बीसी पीएनपी-समर्थित दो-वर्षीय वर्क परमिट पर रहने के दौरान उसे कम से कम 18 महीने तक सक्रिय रूप से प्रबंधित करें, और वर्क परमिट अवधि के कम से कम 75 प्रतिशत समय तक अपने बिजनेस के 100 किमी. के भीतर निवास स्थान साबित करें।

आपको एक अंतिम रूप से तैयार रिपोर्ट प्रस्तुत करनी जरूरी है जिसमें आपके वर्क परमिट की अवधि के दौरान आपके बिजनेस कार्यकलापों का विवरण हो। यदि आपको एक प्रोविंशियल नॉमिनी के तौर पर अनुमोदित कर दिया जाता है, तो बीसी पीएनपी एक नामांकन प्रमाण-पत्र जारी करता है ताकि आप और आपके परिवार के आश्रित सदस्य स्थाई निवास हेतु संघीय सरकार को आवेदन कर सकें। अपना बीसी पीएनपी नामांकन बनाए रखने के लिए, आपको अपना बिजनेस चलाते रहना और बीसी में रहना जरूरी है।

रणनीतिक परियोजनाएं (स्ट्रटीजिक प्रोजेक्ट)

रणनीतिक परियोजनाएं या स्ट्रटीजिक प्रोजेक्ट श्रेणी, उन सफल विदेशी कार्पोरेशंस के मुख्य स्टाफ के लिए एक रास्ता है जिन्होंने बीसी में ऐसे रणनीतिक निवेश अवसरों की पहचान की है जो उनके मुख्य बिजनेस की वृद्धि एवं विस्तार की दृष्टि से अहम हों।

आवेदन के लिए आमंत्रित किए जाने हेतु, कंपनियों के लिए यह जरूरी है कि वे ऐसा वाणिज्यिक तौर पर टिकाऊ बिजनेस प्लान प्रदर्शित करें जो उनके मुख्य बिजनेस की वृद्धि एवं विस्तार की दृष्टि से अहम हो तथा बीसी की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान साबित करता हो।

विगत के सफल आवेदकों में ऐसी कंपनियां शामिल हैं जो उन्नत विनिर्माण, टेक्नोलॉजी, नए मीडिया, विशेषज्ञता इंजीनियरिंग, वानिकी, तथा वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास से संबंधित थीं।

स्ट्रटीजिक प्रोजेक्ट्स श्रेणी के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया विज़िट करें: www.WelcomeBC.ca/PNP

क्या आपके और भी प्रश्न हैं? हमसे यहां संपर्क करें: en.imm@gov.bc.ca

www.WelcomeBC.ca/PNP

[Hindi] March 2017